रहेगी आरडब्ल्यूए की नजर

फरीदाबाद, जागरण संवाद केंद्र : शहर में पानी की बर्बादी करने वाले लोगों पर अब 80 आरडब्ल्यूए की नजर रहेगी। कंफेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए ने शहर के 80 आरडब्ल्यूए से आग्रह किया है कि वह अपने क्षेत्र में पानी की बर्बादी करने वाले लोगों और ड्राइवरों पर नजर रखें जिससे अधिक मात्रा में पानी की बचत की जा सके। इसके अलावा लोगों को पानी की बचत करने का संदेश अब कंफेडरेशन ऑफ रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन एसएमएस के जरिए देगी।

कंफेडरेशन ने सभी 80 आरडब्ल्यूए के सदस्यों से आग्रह किया है कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें पानी की बर्बादी करता हुआ नजर आता है तो उसे तुरंत रोकने का प्रयास करें। यदि वह उनकी बात नहीं मानता तो संबंधित अधिकारी से उनकी शिकायत करें। ज्ञात हो कि हाल ही में जिला उपायुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों को आदेश दिए थे कि यदि कोई पानी की बर्बादी करता हुआ पाया जाता है, तो उसका चालान काटा जाए। इस आदेश को सराहते हुए कंफेडरेशन ने यह कदम उठाया है। कंफेडरेशन के महासचिव अमृत गुलाटी ने बताया कि गाड़ियों को धोने में जो पानी बर्बाद किया जाता है उसपर तुरंत रोक लगनी चाहिए। पानी की बर्बादी पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा यह सही कदम उठाया गया है। लेकिन इसका फायदा तभी होगा जब अधिकारी इस आदेश की पूरी तरह पालना करें। पानी की बचत के लिए एसएमएस भेजने की शुरुआत रविवार से हो गई थी और यह एसएमएस न केवल सेक्टर के लोगों को भेजे जाएंगे, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजा जा रहा है।

पानी की बर्बादी

- शहर के 80 आरडब्ल्यूए से आग्रह किया गया है कि लोगों और ड्राइवरों पर नजर रखें
- पानी की बचत के लिए एसएमएस भेजने की हुई शुरुआत



जन लोकपाल बिल के लिए भूख हड़ताल

फरीदाबाद, जासंकें : जन लोकपाल बिल की मांग को लेकर दिल्ली में आमरण अनशन पर बैठे अन्ना हजारे के समर्थन में महानायक स्मृति मंच के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को लघु सचिवालय के समक्ष भूख हड़ताल की। उन्होंने लोकपाल बिल के लिए राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन भी दिया। महानायक स्मृति मंच के महासचिव अरविंद त्यागी ने बताया कि देश में भ्रष्टाचार अपनी जड़ें जमा चुका है। देश में बड़े-बड़े घोटाले, नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। ऐसे में आज देश में जन लोकपाल बिल की आवश्यकता है, जो इन घोटालेबाजों पर शिकंजा कस सके। ऐसे में भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए उन्होंने भी एक दिन की भूख हड़ताल की है।

इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल के नाम उपमंडल अधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर श्याम कालरा, रामफल जांगड़ा, दीपक त्यागी, जनक, पवन, गुरमुख दास, हरविलास, उज्जैद खान, संजीव मलिक, पर्वत, उत्तम चंद, अरुण सिंह आदि उपस्थित थे।